## शहर में आज

- स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री स्व. राम मूर्ति की 36 वीं पुण्यतिथि पर श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में श्रद्धांजलि समारोह पूर्वाह्न 11 बजे।
- सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर में नए औद्योगिक पार्क पर संगोष्ठी होटल बरेली पैलेस में शाम 9 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद बृज प्रांत की नवीन कार्यकारिणी का गठन प्रभात नगर स्थित निरुपमा अग्रवाल के आवास पर शाम 4 बजे।
- गांधी जयंती पर ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से।

# पीलीभीत हाईवे: 52 साल पहले अधिग्रहीत जमीन अब तक देने वाले के नाम

## अमल दरामद न होने से नहीं बदला मालिकाना हक, विधान परिषद की समिति के पास मामला पहुंचने से हलचल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच के लिए गठित चार सदस्यीय समिति ने दोषी अधिकारी की शुरू की तलाश
- विधान परिषद की समिति ने जिला प्रशासन से एक महीने के अंदर मांगी है रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सरकारी दफ्तरों में सितारगंज फोरलेन हाईवे और आउटर रिंग रोड के भूमि अधिग्रहण में हुए 80 करोड़ के घोटाले की गूंज के बीच एक 52 बरस पुराने मामले ने भी अफसरों को चक्कर में डाल दिया है। नेशनल हाईवे पर बरेली-पीलीभीत रोड के लिए 1972 में बिहारमान नगला में अधिग्रहीत भूमि अमल दरामद न होने की वजह से राजस्व अभिलेखों में अब भी पुराने नाम पर दर्ज है। हाल ही में यह मामला विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के पास पहुंचने के बाद तहसील सदर में एक टीम गठित कर 52 साल पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

चार सदस्यीय टीम का गठन तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया है जो यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किसकी लापरवाही से जमीन का अमल दरामद नहीं हुआ, हालांकि ये जांच अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की जानकारी में यह मामला तब आया जब जितेंद्र पाल नाम के एक व्यक्ति ने अधिग्रहीत भूमि के कागजात में नाम दर्ज कराने के संबंध में पत्र लिखा। इसके बाद समिति की ओर से 25 जुलाई को इस प्रकरण में सुनवाई की और फिर जिला प्रशासन को एक महीने के अंदर इस पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

समिति की ओर से कहा गया है कि यह गंभीर गलती जांच का विषय है और गलती करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बाद राजस्व विभाग के अधिकारी पुराने दस्तावेजों की जांच कर अधिग्रहीत भूमि की अमल दरामद न कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी को चिह्नित करने की कोशिश कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देश पर एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार चौबारी, राजस्व निरीक्षक भोजीपुरा और क्षेत्रीय लेखपाल की समिति गठित कर 1972 के सभी कागजात की जांच करने का निर्देश दिया है और रिपोर्ट मांगी है।

### कई दिन की कवायद बेनतीजा, अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची जांच कमेटी

विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के निर्देश पर गठित की गई टीम कई दिन से सदर तहसील के रिकार्ड रूम में पुराने कागजात खंगाल रही है लेकिन अभी यह जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। यह संभावना जरूर जताई जा रही है कि 1972 में लोक निर्माण विभाग ने पीलीभीत रोड के लिए भूमि का अधिग्रहण कराया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से अगर नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए अधिग्रहीत भूमि का अमल दरामद करने के संबंध में पत्र नहीं आया होगा तो राजस्व विभाग में यह कार्रवाई नहीं हुई होगी। इसी वजह से अधिग्रहीत जमीन पुरानी खतौनी में ही दर्ज रह गई। बहरहाल अभी जांच जारी है।

### भूमि अधिग्रहण घोटाला

## सरनिया गांव के आर्बिटेशन पर फिर टली सुनवाई

- अब नियत की गई 11 अक्टूबर की तारीख

**बरेली, अमृत विचार :** रिंग रोड के लिए सरनिया में अधिग्रहीत की गई भूमि पर बने स्ट्रक्चर के अधिक मूल्यांकन को लेकर डीएम कोर्ट में दायर किए गए आर्बिटेशन पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। अब नई तारीख 11 अक्टूबर निर्धारित की गई है। रिंग रोड बनाने के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में सरनिया में गाटा संख्या 156 पर ज्यादा गड़बड़ियां पाई गईं थीं। एनएचएआई दिल्ली की टीम की जांच में घपलेबाजी का खुलासा हुआ था। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में हुई जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई थी कि मूल्यांकन में गड़बड़ी करते हुए ज्यादा मुआवजा तय किया। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दोषी करार दिया गया है। मामले में एई स्नेहलता श्रीवास्तव निलंबित की जा चुकी हैं। अधिक मूल्यांकन को एनएचएआई ने डीएम कोर्ट में आर्बिटेशन दायर कर रखा है। इसको लेकर मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन एक बार फिर किन्हीं कारणों से सुनवाई टल गई है। अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। गाटा संख्या 156 पर बने स्ट्रक्चर का मूल्यांकन तीसरी बार करके सोमवार को रिपोर्ट भी सौंपी जा चुकी है। सभी मूल्यांकन रिपोर्ट में मुआवजे का अंतर अलग-अलग दर्शाया गया है, इससे कहीं न कहीं अधिकारी भी असमंजस में हैं।

# सड़क के लिए टालमटोल पर भड़के लोगों ने कलेक्ट्रेट घेरी

## बाहर धरने पर बैठकर दो घंटे किया प्रदर्शन, आसपास की सड़कें जाम



कलेक्ट्रेट गेट पर धरने के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सप्ताह से गांव में बैठे थे धरने पर, नगर निगम ने की अनदेखी तो भड़के
- अपर नगर आयुक्त ने जल्द सड़क निर्माण शुरू कराने का भरोसा देकर मनाया

**अमृत विचार :** सड़क के लिए करीब तीन सप्ताह से धरने पर बैठे पांच गांवों के लोगों के सब्र का बांध मंगलवार को टूट गया। ट्रैक्टर-टॉलियों और गाड़ियों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश की और गेट बंद कर लेने पर धरने पर बैठ गए। करीब दो घंटे तक कलेक्ट्रेट गेट पर जमकर हंगामा चला। अफसर समझाने पहुंचे तो वे जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़ गए। एडीएम प्रशासन को भी बात किए बगैर लौटा दिया।

प्रदर्शनकारियों में परसाखेड़ा, बंजरिया गगरइया उर्फ गोकिलपुर, ललपुरा, परसाखेड़ा गौटिया के सैकड़ों लोग शामिल थे। उनका कहना था कि वे लोग वार्ड नंबर 37 में पुराने रास्ते की भूमि का अधिग्रहण कर रामपुर रोड से बंजरिया रेलवे फाटक तक सड़क बनवाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। दिसंबर 2023 में उन्होंने नगर निगम में धरना दिया था तो अधिकारियों ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, मगर फिर कोई ध्यान नहीं दिया। अब 12 सितंबर से पांच गांवों के लोग धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हैं। मंगलवार को सैकड़ों लोग भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य की अगुवाई में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और गाड़ियों से पहले सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पहुंचे, फिर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर माइक लगाकर कलेक्ट्रेट कूच किया। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के अंदर घुसने की कोशिश की। सुरक्षा कर्मियों ने अंदर से गेट बंद कर लेने पर बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे जाम लग गया।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे पहुंचे तो वे उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुए। एक घंटे बाद पहुंचे अपर नगर आयुक्त सुनील यादव ने कहा कि सड़क की फाइल आगे बढ़ा दी गई है। जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके बाद एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर धरना खत्म किया। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष अवध गंगवार, जिलाध्यक्ष हापुड़, मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद जसपाल सिंह फौजी, जिलाध्यक्ष बदायूं परवेज अहमद, महमूद रजा खां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### डेरा डालने के इरादे से आए थे ग्रामीण

प्रदर्शन करने पहुंचे ग्रामीण रात में रुकने की पूरी तैयारी के साथ आए थे। अपने साथ वे ओढ़ने-बिछाने के इंतजाम के साथ खाना बनाने के लिए राशन और बर्तन भी लाए थे। कलेक्ट्रेट गेट पर जहां एक तरफ पुरुष प्रदर्शन करते रहे, दूसरी तरफ महिलाओं ने खाना बनाना शुरू कर दिया। खाना खाने के बाद धरना खत्म हुआ।

### गेट से सड़क तक जाम, अफसरों की गाड़ियां भी फंसीं

कलेक्ट्रेट गेट से लेकर एसएसपी कार्यालय को जाने वाली सड़क के आगे तक ग्रामीणों और किसानों की भीड़ होने के कारण धरना-प्रदर्शन के दौरान जाम लगा रहा। सड़कों पर आने-जाने वालेलोगों को तो इससे परेशानी हुई ही, कलेक्ट्रेट के अंदर डीएम, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट समेत तमाम अधिकारियों की गाड़ियां भी फंसी रही। शाम करीब चार बजे धरना खत्म होने के बाद अधिकारी कलेक्ट्रेट से निकल सके।

# बंदरों ने दौड़ाया तो छत से कूदा छात्र, दोनों पैर टूटे

## नगर निगम के अभियान चलाने के दावे के बावजूद लोग बंदरों के हमलों से परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक तरफ नगर निगम प्रदेश में सबसे ज्यादा पैसा खर्च बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाने का दावा कर रहा है, दूसरी तरफ उनका आतंक कम होने में नहीं आ रहा है। मंगलवार को गुलाबनगर इलाके में बंदरों के हमला करने से आठवीं का छात्र छत से नीचे आ गिरा और उसके दोनों पैर टूट गए।

वार्ड 58 की गली लोहारान में रहने वाले पंकज सक्सेना के बेटे चित्रांश लायंस रुहेला पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। मां रीना के मुताबिक परीक्षा की तैयारी कर रहे चित्रांश मंगलवार को छत पर पढ़ाई करने गए थे, इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। बंदरों के हमले से बचने के लिए चित्रांश ममटी से कूद गए। इससे उनके दोनों पैरों की हड्डी टूट गई। उनके चीखने की आवाज सुनकर बड़े भाई उमंग और बहन प्राक्ती दौड़कर छत पर पहुंचे और उन्हें गोदी में उठाकर नीचे लाए। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों पैरों पर प्लास्टर चढ़ाया गया। पिता पंकज ने बताया कि डॉक्टरों ने चित्रांश के ठीक होने में डेढ़-दो महीने का समय लगने की संभावना जताई है।



बंदरों से बचने की कोशिश में घायल हुए चित्रांश।

### गुलाबनगर और चाहबाई में आतंक

गुलाबनगर और चाहबाई इलाके में बंदरों ने जबरदस्त आतंक है। लोगों का कहना है कि छतों पर तो जाना मुमकिन ही नहीं रह गया, घर के अंदर भी बंदर घुस आते हैं। मंदिरों में पूजा करने जाना भी मुश्किल हो गया है। बंदरों के झुंड अब तक तमाम लोगों को हमला कर लहूलुहान कर चुके हैं। लोग कई बार पार्षदों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन फिर भी बंदरों को नहीं पकड़वाया जा रहा है।

# कैंट में बुजुर्ग सांड़ ने पटककर मार डाला



**कैंट, अमृत विचार :** कैंट इलाके में राह चलते एक बुजुर्ग को सांड़ ने कई बार उठाकर पटक दिया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ठिरिया निजावत खां के वार्ड नंबर दो के पश्चिमी मोहल्ले में रहने वाले 65 वर्षीय सुक्खन खां पांच साल से बिथरी के गांव परसौना में बेटी सोनी की ससुराल में रह रहे थे। मंगलवार शाम ठिरिया में वह किसी परिचित की मृत्यु पर वह शोक संवेदना व्यक्त कर उसके घर से शाम करीब साढ़े सात बजे परसौना लौट रहे थे। कैंट के सकलैनिया स्कूल के पास उन पर एक सांड़ ने हमला कर कई बार उठाकर पटक दिया। उन्हें बेहोश पड़ा देख किसी ने सूचना दी तो परिजन पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हिंसक सांड़ ने मंगलवार को भी कई लोगों पर हमला किया था।

# आय बढ़ाने पर जोर... अब शादी-ब्याह और पार्टियों में भी ले जाइए स्मार्ट सिटी की बसें

- बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज बोर्ड की बैठक में चार्टर्ड बुकिंग को मंजूरी

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर की तरह अब बरेली में भी सिटी बसों को शादी, पार्टी, पिकनिक और निजी कार्यक्रमों के लिए बुक किया जा सकेगा। समय और दूरी के आधार पर उनकी चार्टर्ड बुकिंग के रेट निर्धारित कर दिए गए हैं।

बरेली और शाहजहांपुर की सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बैठक में मंगलवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी और दोनों जिलो में लोड फैक्टर बढ़ाने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने बरेली और शाहजहांपुर में चल रही सभी 25 ई-बसों को पूरी तरह ऑन रोड करने के निर्देश दिए। कहा, जिस तरह शाहजहांपुर में शाम 6 से सुबह 6 बजे तक सिटी बसों को बुक किया जा रहा है, उसी तरह बरेली में भी बुक किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, बरेली और शाहजहांपुर के सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के प्रबंध निदेशक आदि उपस्थित रहे।

**अभी यहां दौड़ रही हैं सिटी बसें:** बरेली में फिलहाल 25 सिटी बसें चल रही हैं। इन्हें बरेली जंक्शन से शीशगढ़ वाया फतेहगंज, शेरगढ़ वाया फतेहगंज, स्वाले नगर से फरीदपुर, मनौना धाम वाया आंवला चलाया जा रहा हैं। बसों में सेवा प्रदाता एजेंसी की ओर से उपलब्ध कराए गए परिचालक के बिना टिकट यात्री ले जाने पर एमवी एक्ट-1988 के तहत पेनाल्टी डालने का निर्णय लिया गया है।

### ऐसे होगी इलेक्ट्रिक बसों की बुकिंग

इलेक्ट्रिक बसों की चार्टर्ड रेट पर बुकिंग चार घंटे और 60 किमी दूरी के लिए पांच हजार रुपये में होगी। आठ घंटे और सौ किमी दूरी के लिए आठ हजार, 12 घंटे और 120 किमी दूरी के लिए 10 हजार रुपये में होगी। तीनों श्रेणियों में पांच प्रतिशत जीएसटी भी देय होगा।



अफसरों के साथ बैठक में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल।

# मौसम: 4 और 5 अक्टूबर को बारिश होने के आसार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मौसम में बदलाव जारी है। मंगलवार को भी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 4 और 5 अक्टूबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडी की अधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम 32.3 और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 89 और शाम को 76 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अक्टूबर के दौरान प्रादेशिक वर्षा सामान्य से अधिक रहने के कारण दिसम्बर तक मानसून के बाद ऋतु के दौरान कुल समेकित वर्षा सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

# अब रामगंगा में नहीं गिरेगा गंदा पानी पीएम करेंगे एसटीपी की शुरूआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 90 करोड़ रुपये से एसटीपी को बनने में लग गए पांच साल

**अमृत विचार:** राग गंगा नदी में प्रतिदिन हजारों लीटर गंदा पानी गिरता है, मगर बुधवार से इस समस्या का निदान हो जाएगा। 90 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में बने एसटीपी का उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसको लेकर नगर निगम ने तैयारी कर ली है। इसका सजीव प्रसारण भी प्रोजेक्ट के माध्यम से किया जाएगा।


2019 में सराय तल्फी में 35 एमएलडी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू हुआ था, जो बनकर तैयार हो चुका है। इस संबंध में मंगलवार को को नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बने एसटीपी से शहर के नालों का पानी शोधित होगा। इससे राम गंगा नदी में हर रोज लाखों लीटर गिरने वाले नालों के गंदे पानी की समस्या से निदान हो जाएगा।

### इन इलाकों के नालों को जोड़ा गया

सराय तल्फी एसटीपी से आवास विकास सिविल लाइंस, मिशन कंपाउंड, राम वाटिका, पुराना शहर,कालीबाड़ी, कैंट, अलखनाथ, साहूकारा, चौपुला, कोहाड़ापीर, पटेल चौक, बिहारीपुर सिविल लाइंस, जिला पंचायत रोड आदि इलाकों की सीवर लाइनों को जोड़ा गया है।



गांधी जयंती के दिन शहरवासियों के लिए प्रधानमंत्री बड़ी सौगात देंगे। एसटीपी के शुरू होने से रामगंगा में गिरने वाले गंदा पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। शोधित पानी का उपयोग भी किया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम ने तैयारी की है। **- डॉ. उमेश गौतम,** महापौर



## सीएआरआई ने किसानों को दिया प्रशिक्षण



बरेली, अमृत विचारः केंद्रीय पक्षी अनुसंधान (सीएआरआई) की ओर से मंगलवार को खटीमा के ग्राम चांदपुर में किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. दिव्या ने किसानों को बैकयार्ड मुर्गी पालन एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। डॉ राजनारायण ने बच्चों में होने वाले कुपोषण को बैकयार्ड मुर्गी पालन से दूर करने के उपायों के बारे में जानकारी दी। अनुसूचित जनजाति के 50 किसान परिवारों को चिक्स, दाना, मिनरल मिक्सर, ड्रिंकर, फीडर, सीमेंट चादर, टब, ड्रम आदि का वितरण किया। राकेश जैसवारा, उमेश त्रिपाठी, नारायण आदि मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज : भाजपा के सदस्यता अभियान का विरोध

### समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कार्यालय में की नारेबाजी और हंगामा, चीफ प्रॉक्टर का घेराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नारेबाजी और प्रदर्शन हुआ तो सदस्यता अभियान में पहुंचे कैंट विधायक लौटे

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में भाजपा का सदस्यता अभियान चलने पर समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भड़क गए। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में चीफ प्राक्टर का घेराव कर प्रदर्शन किया।

मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा की अगुवाई में पदाधिकारी और छात्र प्राचार्य के कार्यालय में नारेबाजी करते हुए पहुंचे। उधर, प्राचार्य प्रो. ओपी राय विश्वविद्यालय में जरूरी मीटिंग बताते हुए कॉलेज से चले गए। यहां सछास के नेताओं ने चीफ प्राक्टर को घेर लिया। जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि कॉलेज में भाजपा का कैंप लगाए जाना अनुचित है। कॉलेज में छात्र संगठन अपने सदस्य बना सकते हैं, कोई भी पार्टी अपनी सदस्यता कॉलेज में नहीं करा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जबरदस्ती छात्र छात्राओं के फोन लेकर नंबर पर मिस कॉल करके सदस्य बना रही है, जबकि भाजपा के लोगों ने कोई परमिशन कॉलेज प्रशासन से नहीं ली है।

काफी देर बहस के बाद कॉलेज प्रशासन ने कॉलेज में लगे भाजपा के सदस्यता कैंप को हटवाया। इसी बीच पश्चिमी गेट के कॉलेज के बैरियर पर लगे कैंप पर विधायक संजीव अग्रवाल पहुंचे, जहां छात्रसभा के लोग नारेबाजी करते हुए विरोध जताने पहुंचे तो विधायक वहां से लौट गए। फिर वहां से भी सदस्यता कैंप समेटना पड़ा।

विक्रांत पाल, अमरीश यादव, अभिषेक यादव, सौरभ सिंह, सुमित यादव, अभिषेक राय, शिवाय भारद्वाज, सिद्धार्थ बंसल, अमन पाल, मिहिर दिवाकर, अभिनव यादव, अभिजीत शर्मा, नदीम, बिजनेस पाल, देवेंद्र कुमार, रितिक, भरत, अजय ठाकुर, विपिन, मिठू, सचिन, सौरभ, आर्यन शर्मा आदि मौजूद रहे।



भाजपा के कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाने का विरोध करने प्राचार्य कार्यालय पहुंचे सछास कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# 15% मौत

## पोस्टमार्टम- 1



50 रुपये की दवा पर 180 एमआरपी।

बरेली : नकली दवा का कारोबार तेजी से पनप रहा है। इसीलिए 15 प्रतिशत तक छूट के बोर्ड कई दुकानों पर लगे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इनमें कितने लोग नकली दवाएं बेच रहे हैं और कितने बिक्री संवर्धन के लिए इस रास्ते पर हैं।

दवा कारोबार इतना बिगड़ चुका है कि जहां 4-5 दवा विक्रेता आसपास हैं, वहां कुछ लड़के सिर्फ ग्राहकों को पटाने के लिए रखे गए हैं। जैसे ही पर्चा लिए ग्राहक वाहन रोकता है, उसके पीछे लड़के लग जाते हैं। कोई आठ, कोई दस तो कोई 12 प्रतिशत छूट का ऑफर देकर ग्राहकों को पटाता है। यह स्थिति सर्किट हाउस चौराहे या रामजानकी मंदिर के पास देखी जा सकती है। गरज यह कि छूट के नाम पर हम 15% मौत खरीद रहे हैं। ब्रांडेड दवाओं के नाम पर जेनेरिक दवाएं बेचना आम बात है।

बरेली जनपद में 7000 दवा विक्रेता हैं जिनमें 5000 अकेले बरेली शहर में हैं। इनमें नकली दवा विक्रेताओं की संख्या कम है लेकिन धीरे-धीरे बड़ी कम्पनियों की दवा की जगह जेनेरिक दवाएं भिड़ाने वाले बढ़ते जा रहे हैं। इसका कारण जेनेरिक दवा बेचने में अधिक मुनाफा होना है। अगर एमआर स्तर पर आंकड़े जुटाए जाएं तो बड़ी कम्पनियों की महंगी दवाओं की खपत में गिरावट तो आई ही है, पैरासिटामाल जैसी सस्ती दवा भी ब्रांडेड के नाम पर जेनेरिक बेची जा रही है। कारण एक रुपये की टेबलेट दो रुपये में बिकना है। अजीब बात यह भी है कि इन ब्रांडेड और जेनेरिक टेबलेट का पैकिंग एक सा है।

दरअसल, दवाएं बहुत महंगी होने के कारण 15 प्रतिशत छूट के बोर्ड सम्मोहन का कारण बने हुए हैं। बरसों बरस एक ही दुकान से दवा लेने वाले भी 15 प्रतिशत के लोभ में आ गए, इससे दुकानें चल निकलीं लेकिन इन 15 प्रतिशत के नेपथ्य में नकली दवाएं और जेनेरिक दवाओं का कारोबार है, यह बात खरीदने वाले अब तक नहीं समझे हैं। फ्लैट 15 प्रतिशत अब कुछ जगह अप टू 15 प्रतिशत हो गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही भी एक कारण है। ऐसे बहुत कम ड्रग इंस्पेक्टर बरेली को मिले हैं जो अचानक छापे मारकर स्थिति को नियंत्रण में रखते थे। स्पष्ट कर दूं कि 15 प्रतिशत की रामकथा में कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने सेल-प्रमोशन के लिए यह शॉर्टकट अपनाया।

जेनेरिक दवा में एक उदाहरण देखिए, Obloxacin का खुदरा मूल्य 110 रुपये छपा है लेकिन यह जेनेरिक दवा विक्रेता के यहां 10-15 रुपये में मिलती है, जबकि ब्रांडेड दवा विक्रेता ऐसी तमाम दवाओं को सिर्फ साल्ट दिखाकर 15 प्रतिशत कम एमआरपी पर बेच रहे हैं, ट्रेड नेम पर नहीं।

सवाल यह है कि जब नारकोटिक्स दवाओं के पैकिंग पर N के साथ प्रिस्क्रिप्शन साइन होता है तो जेनेरिक दवाओं के साथ ऐसा क्यों नहीं, जबकि नारकोटिक्स से कहीं अधिक जेनेरिक दवाएं बिकती हैं। दूसरे जेनेरिक दवाओं पर अनाप-शनाप एमआरपी क्यों?

कहा जाता है कि भारत का सबसे बड़ा घोटाला दवा घोटाला है। विक्रेताओं के अपने-अपने ढंग हैं। कोई नकली दवा बेच रहा है, कोई एमआर से मिले सैंपल पर छपे नॉट फॉर सेल मिटाकर और कोई जेनेरिक दवाओं को ब्रांडेड बताकर।

घोटाले प्रधान बाजार में नकली दवाओं और जेनेरिक दवाओं को ब्रांडेड दवाओं के साथ बेचकर कुछ दवा विक्रेताओं ने छूट के बोर्ड लगा लिए हैं, जिससे उनकी बिक्री बढ़ी है। लेकिन इससे उन व्यापारियों को नुकसान पहुंच रहा है जो ईमानदारी के साथ दवा व्यापार में शामिल हैं। ● **गोपाल विनोदी, वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि**

### आगरा फोर्ट से आती हैं नकली दवाएं

रेलवे में अमान परिवर्तन के कारण काठगोदाम-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस के लंबे समय बंद रहने से दो बड़े व्यापार प्रभावित हुए । एक बरेली से आगरा तक चांदी की तस्करी और दूसरा आगरा से आने वाली नकली दवाएं। कुछ वर्षों के इस अवरोध के बाद आगरा फोर्ट एक्सप्रेस अब फिर सप्ताह में तीन दिन चलने से कारोबार अपनी जगह लौट आया है।

- आगरा फोर्ट स्टेशन के पास ही फव्वारा बाजार नकली दवाओं का सबसे बड़ा बाजार है। यहां से कुमाऊं के एक छोर तक, आधे उत्तर प्रदेश, ग्वालियर से लगे मध्यप्रदेश के कुछ जिलों और बुंदेलखंड तक नकली दवाएं भेजी जाती हैं।
- बरेली में इन दवाओं के आने का साधन आगरा फोर्ट एक्सप्रेस है। इससे दवाओं की खेप आसानी से बरेली आने लगी है। यह खेप इज्जतनगर स्टेशन पर उतारी जाती है। कारण यह है कि सिटी पर ट्रेन सुबह साढ़े तीन बजे आती है और वहां कुली न होने से माल उतारने में दिक्कत होती है। कुली इज्जतनगर में भी नहीं होते मगर वहां प्लेटफार्म की दिक्कत नहीं है। रिक्शा चालकों से माल उतरवाकर गाड़ी से लाया जाता है।

### नकली दवाओं का कारोबार रोकने के लिए चले सघन चेकिंग अभियान



दवाओं के ऐसे कारोबार से खिन्न हनुमान मेडिकल स्टोर के मालिक अजय मदान का कहना है कि तत्काल प्रभाव से सघन चेकिंग अभियान चलाकर नकली दवाओं का कारोबार रोका जाना चाहिए। कहते हैं, हम सिर्फ दवा विक्रेता नहीं, रोगी के परोक्ष तीमारदार भी हैं। दूसरे दवा कंपनियों के अनाप-शनाप एमआरपी छापने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इलाज महंगा होने से आम आदमी बहुत दुखी है। ऊपर से मनमानी एमआरपी छापकर ठगा जा रहा है। दवा कारोबार में पचास वर्ष से अधिक समय बिताने वाले एक होलसेल दवा विक्रेता एवं बरेली केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि नकली दवाओं को तैयार करने में ऐसा रैकेट लगा हुआ है जो ओरिजिनल पैकिंग की हूबहू कॉपी करा लेता है। जाहिर है इसमें कंप्यूटर डिजाइनिंग के मास्टर लगे हैं। इसे हर हाल में रोकना चाहिए।

# दो करोड़ अदा करे तो खुलेंगे बरेली कॉलेज के बैंक खाते

### नगर निगम के अधिकारियों ने रखी शर्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज प्रशासन ने कहा, आठ लाख सालाना टैक्स निर्धारित करना गलत
- पैमाइश के बाद भी नहीं बनी बात, कॉलेज ने 26 साल से नहीं जमा किया है टैक्स

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में टैक्स निर्धारण को लेकर बात बनती नजर नहीं आ रही है। कॉलेज में बीते दिनों हुई पैमाइश के बाद नगर निगम के अधिकारियों की ओर से दो करोड़ रुपये एडवांस जमा होने के बाद ही खाता खोलने की बात कही गई है, जबकि बरेली कॉलेज प्रशासन के अनुसार पैमाइश में जर्जर बिल्डिंग और रोड को जोड़कर कर निर्धारित किया गया है।

कॉलेज प्रशासन के मुताबिक 10 सितंबर को तत्कालीन नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने पैमाइश के दौरान कॉलेज परिसर में रोड और जर्जर बिल्डिंग को छोड़ के अन्य भवनों पर कर लगाने की बात पर सहमति जताई थी। सितंबर के अंतिम सप्ताह में नगर निगम की टीम की ओर से पैमाइश कर रि-असेसमेंट किया गया। इसके बाद नगर निगम की ओर से बताया गया कि दो करोड़ रुपये का एडवांस चेक देकर खातों को दोबारा खोला जाएगा। साथ ही आठ लाख रुपये सालाना कर निर्धारित किया। बताते हैं कि 1998 से 2024 तक करीब 26 साल से कर जमा नहीं किया गया है। इस पर करीब 27 करोड़ 30 लाख रुपये का टैक्स लगाया है। पैमाइश के बाद कॉलेज का करीब 3.60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कर के दायरे में लिया गया। वहीं, प्राचार्य प्रो ओपी राय ने बताया कि टैक्स को लेकर एक बार फिर प्रबंधन सचिव के साथ नगर आयुक्त से बातचीत की जाएगी। यह सरकारी शैक्षिक संस्थान है, विद्यार्थी हित में नगर निगम का सहयोग लिया जाएगा।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक को घेरा

### विद्यार्थी परिषद ने 42 विद्यार्थियों को अनुपस्थित दर्शाने के मामले में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली- महानगर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया।

पदाधिकारियों के अनुसार बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग के 42 छात्रों को अनुपस्थित दर्शाया गया है। प्राचार्य के लिखित में देने के बावजूद विश्वविद्यालय कोई एक्शन नहीं ले रहा है। आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन मनमानी कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से छात्र छात्राओं के हित में कोई आग्रह किया जाता है तो उसको भी सुना नहीं जाता है। छात्रों के मायनर और वोकेशनल विषय को लेकर विश्वविद्यालय को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए, जिससे छात्र परेशान न हों। महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि अगर चार दिन के अंदर छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो परिषद आंदोलन करने को बाध्य होगी। विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, विभाग सह संयोजक श्रेयांश वाजपेई, शिवांश सक्सेना, हर्षित चौधरी, माधव महेश्वरी, प्रिंस यादव, शैलेश, लकी शर्मा, राहुल गंगवार, दीपू यादव, अमित, वैष्णवी, प्रभाकर आदि मौजूद रहे।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा नियंत्रक को घेरा।

# रिद्धिमा में बिखरे कजरी के रंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उप्र संगीत नाटक अकादमी और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का आयोजन

**अमृत विचार :** उप्र संगीत नाट्य अकादमी और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से मंगलवार को रिद्धिमा में आयोजित कजरी महोत्सव में ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। वृंदावन की गायिका आस्था गोस्वामी ने अपनी प्रस्तुति में ब्रज की मिठास घोली तो प्रयागराज के बांसुरी वादक पंडित अजय प्रसन्ना ने बांसुरी से मंत्रमुग्ध किया।

हरिहरपुर के गायक पंडित भोलानाथ मिश्रा ने राग खमाज में कजरी प्रस्तुत की और 'बहुत बयरिया सखी आए नहीं सांवरिया...' को स्वर दिया। मेरठ की नृत्यांगना प्रो. भावना ग्रोवर ने कथक के भावों में कजरी को बांधा। आस्था गोस्वामी ने 'बैठी सोचे बृजवाला नहीं आए घनश्याम' और 'सावन झर लागेला धीरे-धीरे' गीतों को मधुर स्वर दिया। देर रात तक कार्यक्रम चला। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, उप्र संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोता, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्वलित कर कजरी महोत्सव की शुरुआत की। एसआरएमएस ट्रस्ट की ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.रजनी अग्रवाल, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.रीटा शर्मा मौजूद रहीं।




रिद्धिमा में आयोजित कजरी महोत्सव में भावना ग्रोवर ने दी कथक की प्रस्तुति।




पंडित भोलानाथ मिश्र की प्रस्तुति पर भी झूमे दर्शक। ● अमृत विचार

### भारतीय संगीत से जुड़े युवा पीढ़ी

उप्र संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने कहा कि बनारस और गोरखपुर में पारंपरिक गायन शैली कजरी का प्रचलन है। शिव और पार्वती की पूजा को समर्पित कजरी यहां सभी त्योहारों में गायी जाती है। गोरखपुर और लखनऊ में कजरी महोत्सव मनाया जाता है। बरेली के कलाप्रेमियों के बीच पहली बार यह महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने युवा पीढ़ी को भारतीय संगीत, कला और संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया।

## खानकाह ए नियाजिया में मना शाह मुहिउद्दीन का कुल

बरेली, अमृत विचार : खानकाह ए नियाजिया में मंगलवार को सिराजुस्सालेकीन शाह मुहिउद्दीन अहमद के तीन रोजा उर्स की कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। कुल में आए लोगों को लंगर बांटा गया। खानकाह ए नियाजिया के प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी ने बताया कि तीन रोजा उर्स के आखिरी दिन सुबह कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। दोपहर को लंगर बांटा गया। 2 :30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। शाम को महफिल ए मिलाद का कार्यक्रम हुआ। रात में खानकाह पर कव्वाली हुई, जिसमें आधा दर्जन कव्वाल चौकियों ने सूफियाना कलाम पेश करके अपनी हाजिरी दी। खानकाह के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद मेहंदी मियां से लोगों ने दुआ की गुजारिश की।

## हृदय दिवस पर बीआईयू कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को विश्व हृदय दिवस पर हार्ट हेल्थ असेमेंट फेयर प्रोग्राम का आयोजन मल्टीपरपज हॉल में किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने बताया कि पहली बार विश्व हृदय दिवस साल 2000 में मनाया गया था, इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर जैसी बीमारियां आज लाखों लोगों की जान छीन रही हैं। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह, उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी और प्रो. वेल्लादुरई नारायन ने की। संचालन असिस्टेंट प्रो .अकांक्षा इमानुएल ने किया।

## कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कस्बे में बंदरों और कुत्तों का आतंक है, इनके हमले से रोज कोई न कोई घायल हो रहा है। बंदर घर में घुसने के बाद लोगों का सामान खराब कर देते है। तहसील परिसर में दिन-रात बंदरों का जमावड़ा लगा रहता है। बंदर यहां अक्सर लोगों पर हमला बोल देते हैं। सभासद तरुण कालरा ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# बरेली कॉलेज : छात्र जानेंगे देश-प्रदेश की पादप विशेषताएं, संग्रहालय बनेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वनस्पति विज्ञान विभाग में संग्रहालय का काम शुरू, धनराशि स्वीकृत

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के लिए संग्रहालय की स्थापना की जा रही है। इस संग्रहालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश-प्रदेश की पादप विशेषताओं से अवगत कराना है।

संग्रहालय के लिए शासन की ओर से करीब एक लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गई है।विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक खरे के मुताबिक संग्रहालय में स्थानीय एवं विदेशी पादप प्रजातियों के नमूने, वनस्पति संबंधी चित्र, फ्लोरा की जानकारी और विभिन्न शोध पत्रों को शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों को इस संग्रहालय से न केवल पादप विज्ञान के बारे में ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि वे शोध कार्यों और परियोजनाओं में भी लाभान्वित होंगे। संग्रहालय में कार्यशालाओं, सेमिनारों और भ्रमण का आयोजन भी किया जाएगा।

## गंगा की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया

बरेली, अमृत विचार : नमामि गंगे कार्यक्रम और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत करेली के सचिवालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। पंचायत अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह ने लोगों से घरों में सफाई के साथ आस-पास के क्षेत्र को साफ रखने को कहा। नागेन्द्र कुमार निशाद, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ने सभी को गंगा की स्वच्छता, पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के बारे में बताया। कहा कि प्रकृति से हमें हवा, पानी, जल आदि सब आसानी से मिल रहा है तो हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि प्रकृति के लिए हम अपना योगदान कैसे दे सकते हैं। पौधे लगाने व नदियों में किसी प्रकार का कूड़ा, प्लास्टीक व मृत पशु को नहीं फेंकना चाहिए। उसके बाद रैली निकाली गई। लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

# कई वादों के साथ डॉ. आरके सिंह ने संभाला आईएमए अध्यक्ष का पद

- कार्यकाल की शुरुआत में ही रक्तदान कर प्रेरणादायक पहल शुरू की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली के अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने मंगलवार देर शाम आईएमए हाल में आयोजित कार्यक्रम में पदभार संभाल लिया। उन्होंने गणेश पूजन कर कार्यकाल की शुरुआत में रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान कर प्रेरणादायक पहल शुरू की।

अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन एक वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने की मुहिम को आगे बढ़ाना और अपना पक्ष सरकार के सामने रखना होगा। रिसर्च एवं पठन-पाठन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की योजना है। डाक्टरों पर हो रहे उत्पीड़न की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए एक लीगल सेल की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार एग्जीक्यूटिव में इतनी महिलाएं चुनकर आई हैं। हर कमेटी में महिला सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प है। अस्पतालों में कार्यरत महिला चिकित्सकों एवं महिला कर्मचारी की शिकायतों को सुनने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ वरिष्ठ सदस्यों का बनाया गया है।

**एप और वेबसाइट से होगी झोलाछाप डॉक्टर की पहचान :** आईएमए अध्यक्ष ने कहा कि झोलाछाप डॉक्टर की पहचान के लिए एप और वेबसाइट विकसित की जाएगी। जब कोई मरीज इस एप या वेबसाइट पर जाएगा तब उसे पता चल जाएगा कि आईएमए की ओर से सर्टिफाइड डॉक्टर और अस्पताल कौन-कौन से हैं। मरीज को एप से डॉक्टर के बारे में सही जानकारी मिलेगी और वह झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल से बचेगा।



आईएमए के नए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह के साथ उनकी पूरी टीम। ● अमृत विचार

### रक्तदान शिविर का सीएमओ ने किया उद्घाटन



आईएमए हाल में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने किया। ब्लड बैंक के अध्यक्ष डॉ. अजय भारती, सलाहकार डॉ. तोमर, निदेशक ब्लड बैंक डॉ. अंजू उप्पल, डॉ. जेपी शेट्टी, डॉ. पारुल प्रिया, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, डॉ. अनुजा सिंह, सचिव डॉ. रतनपाल, उपाध्यक्ष डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. लईक अंसारी, ड्रग इंस्पेक्टर राजेश, डॉ. मनोज हीरानी, डॉ. आशु हीरानी, डॉ. वंदना जिंदल, डॉ. मोहित जिंदल, इकबाल सिंह सहित लगभग 100 लोगों ने शिविर में रक्तदान किया। कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा भी मौजूद रहे।

### राजेंद्रनगर में नया ब्लड बैंक खोलने की बन रही योजना

आईएमए अध्यक्ष ने कहा कि जनता में ब्लड बैंक की भारी मांग एवं बढ़ाते हुए अस्पतालों का बोझ को देखते हुए राजेंद्रनगर की तरफ एक नया ब्लड बैंक की स्थापना करने की योजना है। जिसमें एक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी बनाया जाएगा। इसके अलावा एक हेल्थ मेला लगाकर लोगों में हेल्थ एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता और मेडिकल साइंस में हो रही उन्नति के बारे में जनता एवं स्कूली बच्चों को बताया जाएगा। रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए एक एडवांस रिसर्च कमेटी भी बनाई गई है।






मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# शेर अली जाफरी और बेटे की जमानत अर्जी खारिज

## जिला जज की अदालत में कई बार पुकार कराए जाने के बावजूद पैरवी करने नहीं पहुंचा कोई अधिवक्ता

विधि संवाददाता, बरेली

- डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर छात्रों से करोड़ों की ठगी के मामले में भेजा गया था जेल

**अमृत विचार:** डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर छात्रों से करोड़ों की ठगी करने के मामले में जेल गए खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज की जमानत अर्जी मंगलवार को जिला जज विनोद कुमार ने खारिज कर दी। बार-बार पुकार होने के बाद भी जाफरी की ओर से पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इससे पहले अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-2 12 सितंबर को पिता-पुत्र की जमानत अर्जी खारिज कर चुके हैं।

वादी छात्रों का आरोप है कि जाफरी के खुसरो पीजी कालेज सीबीगंज में डीफार्मा के डिप्लोमा में वर्ष 2020-2021-2022 में एडमिशन लिया था। कॉलेज के एमडी और अन्य कर्मियों ने फीस लेने के दो साल बाद उन्हें मार्कशीट और डिप्लोमा दिया था। जब उन्होंने पीसीआई में ड्रग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया, तब पता चला कि मार्कशीट और डिप्लोमा फर्जी हैं। छात्र जब एमडी शेर अली जाफरी से मिले तो उन्होंने डरा धमकाकर भगा दिया। मामले में सीबीगंज पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी देने, आपराधिक षडयंत्र की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया था।

## अफीम और चरस की तस्करी के जुर्म में दो लोगों को 12 साल कैद

**विधि संवाददाता, अमृत विचार :** चरस और अफीम तस्करी के जुर्म में स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने कैराना (शामली) के गांव अलखुर्द निवासी कासिम और लोनी (गाजियाबाद) के मुस्ताफाबाद निवासी साबिर को 12-12 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना भी डाला है। सरकारी वकील अवधेश कुमार शर्मा के मुताबिक एसटीएफ के इंस्पेक्टर अजय पाल सिंह ने 19 अगस्त 2020 को थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट लिखाई थी कि मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध कार को रोककर छानबीन की गई। गाड़ी में बैठे लोगों ने अपने नाम कासिम और साबिर बताए। बताया, गाड़ी की पिछली सीट के नीचे बनी कैविटी में चरस और अफीम रखी है जिसे वे नेपाल के बढ़नी बार्डर से लेकर आ रहे थे। कार में 15 पैकेट चरस और 4 पैकेट अफीम मिली। इनका वजन 14 किलो 200 ग्राम था। न्यायालय ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव कुरतरा के रोहित कश्यप को बी दोषी पाते हुए सात माह सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी ने बताया कि वर्ष 2021 में थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।



## पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** पांच वर्ष पूर्व पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोपी थाना भुता ग्राम परेवा कुइया निवासी गुड्डू मंसूरी और थाना हाफिजगंज ग्राम धर्मपुर निवासी सूरजपाल को परीक्षण में संदेह का लाभ देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश देवाशीष ने बरी कर दिया। न्यायमित्र मो. नूर आलम ने पुलिस पर झूठा फंसा देने का तर्क दिया। 20 मार्च 2019 को वादी एसओ वीरेन्द्र सिंह ने थाना भुता में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि संदिग्ध की तलाश में लगे थे, सूचना मिली कि अहरौला चौराहे से भुता की तरफ एक बाइक बिना नंबर की जा रही है, जिस पर दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे है। रोकने का प्रयास किया तो नहीं रुके। फोर्स के साथ बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया मगर उन्होंने बाइक दूसरी ओर मोड़ दी। पुलिस वालों पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया गया।

# झारखंड की आईडी से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिशारतगंज


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- पांच सौ रुपये लेकर पांच मिनट में तैयार कर देते थे आधार कार्ड
- आरोपियों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल

**अमृत विचार :** बिशारतगंज थाना क्षेत्र में झारखंड की आईडी पर फर्जी आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान कस्बा बिशारतगंज निवासी आशीष कुमार मित्तल और सूरज कुमार के रूप में हुई है। दोनों से लंबी पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

बिशारतगंज थानाध्यक्ष सतीश कुमार धीमान ने बताया कि क्षेत्र में लगातार फर्जी आधार कार्ड बनाने की शिकायत मिल रही थी। इसपर टीम ने कस्बा स्थित एक दुकान पर दबिश दी। जहां पर झारखंड की एक आईडी पर अवैध तरीके से आधार कार्ड अपडेट करने और फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपी सही जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ और झारखंड के दूसरे व्यक्ति के नाम पर आधार कार्ड बनाने वाली रजिस्टर्ड मशीन को फर्जी थम्ब क्लोन बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। पांच सौ रुपये लेकर आरोपी पांच मिनट में फर्जी आधार तैयार कर देते थे। पुलिस ने आरोपियों से चार लैपटॉप, सात प्रिन्टर, एक स्कैनर, दो टीएफटी, एक सीपीयू, एक थम्ब क्लोनमेकिंग मशीन, आईरिसमशीन, लेमीनेशन मशीन, चार मोबाइल, दो थम्ब स्कैनर, एक वायरकनेक्टर, दो वेब केमरा, 80 आधार कार्ड, 27 आयुष्मान कार्ड, 130 छायाप्रति आधार केवाईसीफार्म समेत अन्य सामान किया है।

## कार में मिला प्रापर्टी डीलर का शव

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के एक प्रॉपर्टी डीलर का शव संदिग्ध हालात में उसी की कार में मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


मृतक मयंक।

पुवायां (शाहजहांपुर) के गांव जलसहा के रहने वाले 45 वर्षीय मयंक पांडे इज्जतनगर इलाके में एयरपोर्ट गेट के पास अपनी ससुराल के पास ही अपनी शिक्षक पत्नी संध्या के साथ रहते थे। सोमवार रात घर से वह कहीं घूमने निकले थे। देर रात डेलापीर के पास लोगों ने उनकी कार काफी देर से एक ही जगह सड़क किनारे खड़ी देखी तो पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने ड्राइविंग सीट पर मयंक को बैठा पाया लेकिन शीशा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इस पर पुलिस ने किसी तरह कार को खुलवाने के बाद मयंक को निकाला और जिला अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मयंक के एक बेटी और एक बेटा है। थाना प्रभारी धनंजय पांडे के मुताबिक मयंक शराब पीने के आदी थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण का पता चलेगा। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जिला न्यायालय बॉडी वार्न कैमरों से लैस होंगे सुरक्षा कर्मी

- शासन ने 50 हजार रुपये की दर से कैमरे खरीदने की अनुमति दी

**बरेली, बरेली, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय में तैनात सुरक्षा कर्मी अब बॉडी वार्न कैमरों से लैस रहेंगे। शासन ने 50 हजार रुपये की दर से कैमरे खरीदने की अनुमति दी है। न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों का जाल पहले ही बिछाया जा चुका है।अदालतों में गोलियां चलने की कई घटनाओं के बाद जिला न्यायालयों में संदिग्धों पर नजर रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था और सख्त करने के लिए यह कदम उठाया गया है। शासन के अनुसचिव प्रभात रंजन ने अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को पत्र भेजा है कि राज्य के सभी जनपदीय न्यायालयों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे देने के लिए पांच सौ कैमरों की खरीद की जाएगी। इसके लिए 2.50 करोड़ रुपये की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है लेकिन स्वीकृत धनराशि का आहरण तभी किया जाएगा, जब बॉडी वार्न कैमरों की निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो। शासन ने 31 मार्च, 2025 तक बॉडी वार्न कैमरों को खरीदने के निर्देश दिए हैं।

## ताले तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपये की चोरी

**फरीदपुर, अमृत विचार :** चोरों ने दुकान शटर के ताले तोड़कर 1 लाख 72 हजार की नकदी सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पचौमी निवासी सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि गांव में उनकी छह दुकाने हैं, कुछ दुकानें किराए पर उठा दी है एक दुकान स्वयं चलते है, जिसमें बड़ौदा उत्तर प्रदेश शाखा है और बांके बिहारी गैस एजेंसी सैदपुर मंझा की शाखा भी चलाते है।

सोमवार रात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर उसने रखें 1 लाख 72 हजार रुपये नकद लैपटॉप डीबीआर, वाई-फाई, इन्वर्टर बैटरी कीबोर्ड एलईडी सहित सोलर पैनल 7 गैस सिलेंडर भरे हुए और 17 गैस सिलेंडर खाली चोरी हो गए। मंगलवार सुबह दुकान की सफाई करने गए तो ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो चोरी की जानकारी हुई।

# जेल में कैदियों की पाठशाला, जुर्म करने वाले हाथ लिख रहे क-ख-ग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 93 बंदियों को एनजीओ की मदद से जेल प्रशासन कर रहा शिक्षित
- शिव नादर फाउंडेशन की मदद से जेल प्रशासन ने शुरू की पहल

**अमृत विचार :** केन्द्रीय कारागार-दो बरेली की चारदीवारी के अंदर शिव नादर फाउंडेशन (एनजीओ) की मदद से शिक्षा की अलख जगाई जा रही है। 93 बंदियों को रोजाना दो घंटे की क्लास दी जा रही है। इसमें 14 महिला बंदी भी हैं।

अपराधियों ने जिन हाथों से जुर्म किया था, अब वे जेल में उन्हीं हाथों से क, ख और ग लिख रहे हैं। उनसे प्रश्नपत्र हल करवाया जा रहा है। जेल प्रशासन बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें शिक्षित करने का प्रयास कर रहा है। दरअसल, वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने अनपढ़ बंदियों को साक्षर बनाने की मुहिम शुरू की थी। बाद में उनकी इस पहल ने पाठशाला का रूप ले लिया। इसके लिए जेल प्रशासन से शिव नादर फाउंडेशन की टीम ने संपर्क किया। जेल प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद उन्हें रोजाना दोपहर 12 से 2 बजे तक पढ़ाया जा रहा है। इसके लिए जेल में बंद दो टीचरों समेत एक सरकारी टीचर को लगाया गया है। जेलर रतन कुमार ने बताया कि ऐसे कई बंदी हैं, जो जिन्होंने कभी कलम नहीं पकड़ी थी, हमेशा कागजातों पर अंगूठा ही लगाते थे। अब वे अपना नाम लिखना सीख चुके हैं। जेल से छूटेंगे तो वह हस्ताक्षर कर बाहर निकलेंगे।

## लंबित विवेचनाओं पर विवेचकों को लगाई फटकार


एसपी सिटी ने विवेचकों से पूछा लंबित विवेचनाओं का कारण।

**बरेली, अमृत विचार :** एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार को कोतवाली थाने के निरीक्षक और उप निरीक्षकों का मंगलवार को अर्दली रुम (ओआर) किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर विवेचकों को जमकर फटकार लगाई। विवेचनाओं को जल्द पूरा कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्र के चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। अपराधियों की गिरफ्तारी और त्योहारों को लेकर एसओपी के सभी बिंदुओं पर तैयारी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# केला डांडी में सीसीटीवी कैमरे लगाकर शुरू की गई निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली/क्योलड़िया

- कैमरे की वीडियो रिकार्डिंग को पुलिस अधिकारियों ने देखा

**अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के केला डांडी में विवादित मस्जिद को लेकर हुए बवाल के बाद सीसीटीवी कैमरे से निगरानी शुरू करा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने कैमरे की रिकार्डिंग को भी देखा। जिससे दोनों पक्षों में कोई अगर खुराफात करता दिखाई दे तो कार्रवाई की जा सके। फिलहाल, गांव में शांति कायम है। पुलिस और पीएसी अभी तैनात है।

केलाडांडी में शुक्रवार को विवादित मस्जिद की दीवार गिराए जाने के बाद दो समुदाय के लोगों में तनाव फैल गया था। दीवार फिर बनाने के विरोध में भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्या गांव में ही धरने पर बैठे थे। एक ही पक्ष के 12 लोगों को हिरासत में लेकर मुचलका पाबंद करने पर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया था। रविवार को अफसरों ने गांव में पैदल मार्च कर विवादित स्थल का निरीक्षण किया था। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बात की गई। यथास्थिति को लेकर दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

## संतोष गंगवार से मिले मौलाना शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली, अमृत विचार :** क्योलड़िया के गांव केलाडांडी में विवादित मस्जिद को लेकर पिछले दिनों विवाद हो गया था। इस प्रकरण में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से उनके आवास पर मुलाकात कर भाजपा विधायक की शिकायत की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि मस्जिद की दीवार तोड़े जाने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने दीवार बनवा दी थी। दीवार बनाने के विरोध में भाजपा के विधायक डॉ. एमपी आर्य ने धरना शुरू कर दिया था। पुलिस से विधायक की नोकझोंक हुई थी। मौलाना का आरोप है कि विधायक के पहुंचने और धरना देने से माहौल खराब हुआ था। विधायक वहां नहीं पहुंचते तो इतना बड़ा विवाद नहीं होता। वहीं, मौलाना ने राज्यपाल से मांग की है कि वह अपने स्तर से दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत करके समस्या का समाधान कराएं, ताकि दोनों समुदाय के लोग जिस तरीके से पहले भाईचारा के साथ रहते आए हैं, वैसे ही मिलजुल कर रहें।

# लोधीपुर के किसानों को 15 साल बाद मिले अंतिम अभिलेख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर अधिकारियों ने ही लटका रखी थी चकबंदी की प्रक्रिया
- 2009 से लटका था मामला, जिला बंदोबस्त अधिकारी ने जांच करा 700 किसानों को दी राहत

**अमृत विचार :** बहेड़ी तहसील क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षों से चकबंदी की प्रक्रिया पूरी न होने से समस्या झेल रहे किसानों को बड़ी राहत मिली है। चकबंदी विभाग के ही पूर्व के अधिकारियों ने प्रक्रिया रोक रखी थी। जिला बंदोबस्त अधिकारी ने पूरे मामले को समझने के बाद चकबंदी अधिकारी से जांच कराकर प्रक्रिया को पूरा कराया। इससे किसानों को उनके अंतिम अभिलेख मिल गए हैं। पूरे मामले की रिपोर्ट चकबंदी आयुक्त को भेज दी गई है।

यह मामला तहसील क्षेत्र के लोधीपुर गांव का है। बताया जाता है कि गांव में चकबंदी चल रही थी। मामले में कुछ लोग हाईकोर्ट चले गए। जमीन की चकबंदी और कब्जा परिवर्तन के बाद किसानों को अंतिम अभिलेख मिलते हैं, जिसमें इस बात की जानकारी दी जाती है कि खाते में कितने गाटे हैं। जिला बंदोबस्त अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल 2009 से प्रक्रिया रुकी हुई थी। विभाग के ही पूर्व के अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर कार्य रोक रखा था। बताया कि इससे गांव के करीब 700 लोगों को दिक्कतें हो रही थीं। उनकी समस्याओं को देखते हुए चकबंदी अधिकारी प्रथम अमरनाथ सिंह से पूरे मामले की जांच कराई गई। जांच में पाया गया हाईकोर्ट के आदेश से चकबंदी की पूरी प्रक्रिया पर असर नहीं पड़ रहा है और न ही कार्रवाई को बढ़ाने के लिए रोक का आदेश था। इस आधार पर प्रस्ताव बनाया गया, जिसमें हाईकोर्ट के आदेश का अंकन किया गया।

## बदमाशों ने तमंचा दिखाकर किन्नर को लूटा

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** घर आ रहे किन्नर से नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर स्कूटी और रुपये छीनकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे तो देखे, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सकासोमवार रात किन्नर शिवानी स्कूटी से रजऊ से नकटिया स्थित घर जा रही थीं। रास्ते में हाईवे पर अग्रसेन महाविद्यालय के पास पीछे से आये दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर उनकी स्कूटी रोक ली।इसके बाद तमंचा दिखाकर 12 सौ रुपये छीन लिए। बाद में बदमाश उनकी स्कूटी भी ले गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे देखती रही लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चला।

## छेड़छाड़ कर युवती को पीटने वाला गया जेल

- दो अन्य आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने युवती से छेड़खानी कर मारपीट करने के मामले में आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जबकि, दो फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र की एक युवती रविवार देर रात स्टेशन पर गई थी। जहां अनुपम नगर पानी की टंकी के पास का रहने वाला शिवम गुप्ता दो साथियों के साथ उसे साथ चलने का दबाव बनाने लगा। युवती ने विरोध किया तो वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर शिवम ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई की। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। आरोप है कि युवती स्टेशन से भागकर एक होटल के सामने पहुंच गई। जहां शिवम ने दो साथियों के साथ पीछा कर दोबारा से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर उसे दोबारा पीटा। युवती ने पुलिस को बताया कि शिवम मारपीट के दौरान अपने साथी का नाम फौजी कहकर पुकार रहा था। उसे आशंका है कि शिवम के साथ कोई फौजी भी शामिल है।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com with good knowledge of MS Excel & Tally, Exp. 1 Year
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DML,T Exp. 3 Years
Lab Technician
Qualification:- BMLT /DMLT
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Hindi & English) (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

## आरोपी का मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा

- धर्म छिपाकर लड़कियों को फंसाता था दिलशाद

**बरेली, अमृत विचार :** धर्म और नाम छिपाकर लड़कियों को फंसाकर उनका न्यूड फोटो और वीडियो बनाने के आरोपी परतापुर चौधरी निवासी दिलशाद उर्फ दिलशाद जमाली का मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि 19 सितंबर को आरोपी के भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी के पास से आठ अलग-अलग नाम के फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए थे। सभी आधार कार्ड में नंबर अलग-अलग पाए गए थे। केस की विवेचना में सामने आया कि आरोपी के भाई दिलशाद उर्फ दिलशाद जमाली ने भी अलग-अलग नाम से इंस्ट्राग्राम आईडी बनाई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पूर्व में गिरफ्तार नौशाद का भाई है।

बताया कि कई फर्जी आईडी बनाकर चला रहा था। दोनों भाई फर्जी आधार कार्ड बनाकर हिंदू और मुस्लिम लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाते थे। आरोपी न्यूड फोटो और वीडियो बना कर वायरल करने धमकी देकर लड़कियों का शोषण करते थे।

# बिजली विभाग में रिस्ट्रक्चरिंग की तैयारी, जल्द बदलाव की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 11 हजार, 33 केवी लाइन का काम होगा अलग, जेई, एसडीओ को भी बांट दिए जाएंगे काम
- बकाया वसूली, आपूर्ति को लेकर अलग अलग अधिशासी अभियंता देखेंगे काम

**अमृत विचार:** पावर कारपोरेशन में रिस्ट्रक्चरिंग योजना लागू करने की तैयारी अंतिम दौर में है। इसके लागू होने के बाद सभी काम अलग अलग अधिशासी अभियंता स्तर पर बांट दिए जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं की समस्याएं आसानी से दूर हो जाएंगी।

अभी एक शहरी क्षेत्र में चार डिवीजन में अलग अलग अधिशासी अभियंता के साथ मीटर विभाग के अधिशासी अभियंता अलग हैं। चारों डिवीजन के अधिशासी अभियंता बिजली आपूर्ति से लेकर बकाया वसूली और अन्य काम देखते हैं, लेकिन रिस्ट्रक्चरिंग योजना लागू होने के बाद एक अधिशासी अभियंताओं के साथ ही एसडीओ और जेई के काम तय कर दिए जाएंगे, जिसमें एक अधिशासी अभियंता बिजली आपूर्ति, दूसरा बकाया बिल वसूली और तीसरा बिजली चोरी और कनेक्शन देने के मामलों को देखेगा। 11 हजार और 33 केवी लाइन का काम अलग होगा। सभी अधिशासी अभियंता के साथ एसडीओ और जेई को भी तैनात किया जाएगा। मुख्य अभियंता कार्यालय में रिस्ट्रक्चरिंग को लेकर तैयारी जोरशोर से की जा रही है। बताया जा रहा है कि 1 नवंबर से रिस्ट्रक्चरिंग लागू कर दी जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

**निकाह प्रकरण**

## बिचौलिया को बंधक बनाकर पीटने के मामले में एक आरोपी जेल गया

**सीबीगंज, अमृत विचार :** निकाह प्रकरण में बिचौलिया को बंधक बनाकर पीटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाक्षेत्र के तिलियापुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने बिथरी क्षेत्र के मनपुरिया दलेल गांव के एक युवक का निकाह सीबीगंज की एक युवती के साथ तय कराया था। 28 सितंबर को फतेहगंज पश्चिमी के एक बरातघर में निकाह हुआ था। निकाह के बाद दुल्हन सुसराल गई। अगले दिन दुल्हन पति पर अक्षम होने का आरोप लगाकर घर आ गई। उसके बाद युवती के पिता ने शादी में मध्यस्थता करने वाले को रविवार शाम घर बुलाकर बंधक बनाकर पिटाई की। आरोप है कि लड़के पक्ष की ओर से 20 लाख रुपये दिलाने के बाद छोड़ने की धमकी दी। जानकारी होने पर पुलिस ने रात करीब 3 बजे मौके पर पहुंची और बंधक को छुड़ाकर उसके परिजनों को सौंपा। वहीं, एक आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। थाने में समझौते के लिए पंचायत हुई मगर बात नहीं बनी।

## एक नजर

### कीर्तन गायन कर संगत को किया निहाल

**बरेली, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुभाषनगर में धन धन बाबा नन्द सिंह कलेरा वाले की याद में 35 वां संत समागम का आयोजन चल रहा है। इसमें चंडीगढ़ से आए तवनीत सिंह ने मंगलवार को कीर्तन गायन कर संगत को निहाल कर दिया। लुधियाना से आए बाबा तजिंदर सिंह जिंदु ने बाबा नन्द सिंह तेरी जय होवे की धारणा का गायन किया। इस दौरान दीवान हाल में पुष्प वर्षा की गई। सिख मानवता सोसाइटी की ओर से लंगर के स्टाल लगाए गए। कमेटी के संरक्षक सुरिंदरजीत सिंह छाबरा, अध्यक्ष मंजीत सिंह नागपाल, महासचिव परदमन सिंह, गुरमीत कोहली, गुरविंदर सिंह, अमरीक सिंह, हरप्रीत सिंह गोलू, मिंटू चावला, भूपिंदर सिंह, हरभजन सिंह मोंगा, साहिब सिंह, रवि अरोरा आदि का सहयोग रहा। कमेटी के हरप्रीत सिंह गोलू ने बताया कि बुधवार को मुख्य कीर्तन दीवान सुबह 8 से 3 बजे तक चलेगा।

# कलेक्ट्रेट: बाबुओं की जिम्मेदारी में हुआ बड़ा फेरबदल

## कुछ बाबुओं की जिम्मेदारी बढ़ाई तो कई की घटाई, कुछ ने सिफारिश के जोर पर कलेक्ट्रेट में पाई तैनाती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- असलाह बाबू पद से हटाए गए नरेंद्र प्रताप, अभी नई जिम्मेदारी भी नहीं
- अंकित पटेल को शस्त्र सहायक के दोनों पटलों का काम सौंपा गया

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में बाबुओं की जिम्मेदारी में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। इस बदलाव में कई बाबुओं की जिम्मेदारियां बढ़ी हैं तो कुछ का बोझ हल्का कर दिया गया है। कुछ महीने पहले जिन बाबुओं को कलेक्ट्रेट से तहसीलों में भेजा गया था, उनमें से कई सिफारिशों के जोर पर फिर पुरानी जगह लौट आए हैं। असलाह बाबू का प्रभार संभाल रहे नरेंद्र प्रताप सिंह को साइडलाइन कर दिया गया है। अभी उन्हें कोई पटल नहीं दिया गया है। दिवाली से पहले आतिशबाजी का काम संभालने के लिए नया पटल बनाया गया है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश ने 10 बाबुओं की इधर से उधर तैनाती के साथ पटलों के आवंटन में बदलाव किया है। असलाह बाबू द्वितीय का प्रभार संभाल रहे अंकित पटेल की जिम्मेदारी बढ़ाते हुए उन्हें असलाह बाबू प्रथम का भी प्रभार दे दिया गया है। अब जिले भर का काम अकेले अंकित संभालेंगे। उनसे आईजीआरएस सहायक का काम ले लिया गया है। सदर तहसील में राजस्व लिपिक पद पर तैनात नरेंद्र कुमार कोली दोबारा कलेक्ट्रेट में आ गए हैं। वह यहां आईजीआरएस सहायक, जनता दर्शन, धर्म परिवर्तन सहायक और पेट्रोलियम सहायक का काम देखेंगे। पहले भी वह कई साल इन पटलों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

कुछ महीने पहले जिलाधिकारी कैंप कार्यालय से फरीदपुर तहसील भेजे गए राजू मिश्रा को अब तहसील सदर में राजस्व लिपिक बनाया गया है। सुमित सिंह मेहरा से ट्रेसर राजस्व अभिलेखागार की जिम्मेदारी लेकर एआरआरके और परगना अरेंजर फरीदपुर राजस्व अभिलेखागार की जिम्मेदारी दी गई है। रकीमुल हसनैन को ट्रेसर राजस्व अभिलेखागार की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। वह उर्दू अनुवादक और परगना अरेंजर आंवला राजस्व अभिलेखागार का कार्य भी देखेंगे। कनिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट का काम देखने वाले मोहम्मद जहान आलम खां अब जिलाधिकारी न्यायालय में कनिष्ठ सहायक का काम देखेंगे।

एसडीएम सदर के पेशकार कमलेश शर्मा को सदर तहसील से हटाकर फरीदपुर तहसील भेजा गया है जो वहां राजस्व लिपिक का कार्य देखेंगे। एसडीएम फरीदपुर के पेशकार महेंद्र सिंह आजाद को सदर तहसील में ट्रांसफर कर एसडीएम का पेशकार बनाया गया है। अपर नगर पालिका सहायक का काम संभाल रहे नरेंद्र पाल सिंह लोधी नगर पालिका सहायक प्रथम का भी काम देखेंगे। आंवला में कार्यरत राकेश अब जेआरके फौजदारी अभिलेखागार, आतिशबाजी संबंधी कार्य, चीनी मिलों के सल्फर लाइसेंस कार्य, समारोह कार्य और प्रेस संबंधी सहायक का काम देखेंगे। आतिशबाजी और सल्फर लाइसेंस का काम इससे पहले असलाह बाबू के पास रहता था।

# डीडीपुरम और किला में बिजली संकट से जूझे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शटडाउन और लोकल फाल्ट से हुई समस्या

**अमृत विचार :** शहर के डीडीपुरम में शटडाउन तो किला क्षेत्र में लोकल फाल्ट की वजह से लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

किला सब स्टेशन के सुर्खा वानखाना में मंगलवार को फेस की दिक्कत रही। जसोली चूना भट्टे के पास लीड में आग लगने से एक से दो घंटे आपूर्ति बाधित रही। 33 केवी लाइन में मंगलवार को कई बार ट्रिपिंग होने से आपूर्ति प्रभावित हुई।

न्यू शक्तिनगर हार्टमन में ट्रिपिंग और फेस की दिक्कत से लोग परेशान हुए। अलखनाथ रोड पर भी लोकल फाल्ट से आपूर्ति बाधित रही। शटडाउन के चलते डीडीपुरम सब स्टेशन से जुड़े मॉडल टाउन, शाहदाना, कीर्ति नगर, रेजीडेंसी गार्डन, कौशाम्बी एन्क्लेव, स्टेडियम रोड, संजय नगर, मेगासिटी, सैनिक कालोनी, होली चौराहा, मोहल्ला भूड़, कानून गोयान, जाटवपुरा में सुबह 10 से 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुभाषनगर के बदायूं रोड पर भी बिजली का आना जाना लगा रहा। जगतपुर और हरुनगला से जुड़े इलाकों में ट्रिपिंग की समस्या रही।

# राम-लक्ष्मण के दर्शन को दौड़े चले आए मिथिलावासी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



चौधरी तालाब में रामलीला का मंचन करते कलाकार।



रामलीला का मंचन देखते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से चौधरी तालाब में चल रही रामलीला के पांचवें दिन मंगलवार को गंगा कथा, जनकपुर में प्रवेश, पुष्प वाटिका दर्शन, गिरिजा पूजन और जानकी मिलन की लीला का मंचन किया गया।

कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार करने के बाद श्रीराम राम, लक्ष्मण, गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर में प्रवेश करते हैं। जैसे ही मिथिलावासियों को पता चलता है कि ऋषि विश्वामित्र के साथ अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र राम व लक्ष्मण आए हैं तो वे उनके दर्शन के लिए दौड़े चले आते हैं। राम लक्ष्मण के साथ शाम को पुष्प वाटिका में भ्रमण करने गए। वहां राजा जनक की पुत्री सीता गिरिजा पूजन के लिए पुष्प वाटिका होते हुए मन्दिर में जा रही थीं। वहां राम व सीता एक दूसरे को देखते हैं। मंगलवार को रामलीला में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने आरती की। रामलीला के आयोजन के समिति के अध्यक्ष पंडित रामगोपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र शुक्ला घनश्याम मिश्रा, प्रदीप वाजपेयी, विजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रभु नारायण तिवारी, महामंत्री शिव नारायण दीक्षित, धीरेंद्र शुक्ला, मेला महाप्रबंधक श्रेयांश वाजपेयी, उप मंत्री बृजेश प्रताप सिंह, आदित्य नारायण मिश्रा, कृष्ण चंद्र दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

# शिव धनुष टूटने पर क्रोधित हुए परशुराम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जोगी नवादा में रामलीला देखते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जोगी नवादा के वनखंडी नाथ मंदिर में चल रही रामलीला में मंगलवार को परशुराम लक्ष्मण संवाद, धनुष यज्ञ, फुलबारी लीला का मंचन किया गया।

मंचन में कलाकारों दिखाया कि राम से शंकर का धनुष टूटने के बाद परशुराम क्रोधित हो उठते हैं। राम क्षमा मांगते हैं लेकिन लक्ष्मण की बातें सुनकर परशुराम का क्रोध और बढ़ जाता है। लक्ष्मण कहते हैं आपने अपने ही मुंह से अपनी करनी अनेकों बार वर्णन की है। इतने पर भी संतोष न हुआ हो तो फिर कुछ कह डालिए। क्रोध रोककर असहनीय दुख न सहें। इसे बालक देखकर मैंने बहुत बचाया, पर अब यह सचमुच मरने को ही आ गया है। वहीं, रासलीला में श्रीकृष्ण की ओखल लीला का मंचन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, संरक्षक हरिओम राठौर, सुनील दत्त शर्मा, विशाल राठौर, लक्ष्मीनारायण राठौर, मनोज राठौर, मुन्ना लाल राठौर, नन्हे राठौर, झब्बल मौर्य, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।



मंचन करते कलाकार।

# वानर रूप देने पर नारद विष्णु को देते हैं श्राप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- मंचन के तीसरे दिन नारद मोह और रावण जन्म का हुआ मंचन

**अमृत विचार :** सुभाष नगर श्री रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला में मंगलवार को नारदमोह, रावण जन्म की लीला का मंचन किया गया।

कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि नारद हिम गुफा में तपस्या में लीन थे। इंद्र देव कामदेव को उनकी तपस्या भंग करने के लिए भेजते हैं, मगर वह उनकी तपस्या भंग नहीं कर पाते हैं। इससे नारद को अभिमान हो जाता है। नारद राजा शील निधि की पुत्री विश्वमोहिनी के स्वयंवर के लिए विष्णु से उनका रूप मांगते हैं। विष्णु उन्हें वानर का रूप दे देते हैं। विश्वमोहिनी जयमाला विष्णु गले में डाल देती हैं।

क्रोधित होकर नारद विष्णु को श्राप देते हैं कि त्रेता युग में उन्हें पृथ्वी लोक पर पत्नी का वियोग सहना पड़ेगा। उनकी मदद वानर करेंगे। नारद की प्रवीण शर्मा, रावण की भूमिका दीपक सिंह निभाई। सभा के मंत्री आलोक तायल, निर्देशक अखिलेश सिंह कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, सहनिर्देशक राज कुमार तिवारी, अमित भारद्वाज,अजय शर्मा, जगदीश सक्सेना, अमूल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# कभी न हिले वो बुनियाद चाहिए, वतन हमेशा आबाद चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली




मंचासीन अतिथि और काव्य पाठ करते कवि।

- 30 वें रुहेलखंड महोत्सव की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन एवं जिला समारोह समिति के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रुहेलखंड महोत्सव की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन लोक खुशहाली चैरिटेबल ट्रस्ट सभागार में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी ने की। कार्यक्रम अध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ ने सरस्वती वंदना की।

संचालन करते हुए रोहित राकेश ने कहा कि कभी न हिले वो बुनियाद चाहिए, वतन हमेशा ही आबाद चाहिए। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि दो अक्टूबर का यह शुभ दिन, सभी देशभक्तों के नाम।

लाल बहादुर और गांधी को अपना, कोटि कोटि प्रणाम। रणधीर प्रसाद गौड़ ने कहा, गांधी तेरी सत्य अहिंसा, पर होता आघात व्यवस्था बिगड़ी है। कवियित्री अन्विता ''कृति'' ने कहा-हम भारत के बेटे, तुझसे ये पुकार लगाते हैं, मेरे गांव नगर आकर देखो, पावन तीरथ हो जाते हैं।

आदिल जलाली ने कहा, हर हुनर है ए जलाली मगर, सबसे अच्छा लगा शायरी का हुनर। राम कुमार ''अफरोज'' ने कहा, अब किसे है आचरण का ध्यान बापू की तरह, हो सका है मौन यूं बापू की तरह। देश में पैदा हुए हैं अनगिनत नेता मगर, मिल सकेगा क्या उन्हें सम्मान बापू की तरह। शायरा आबिदा फातिमा ने कहा, वो तेरा शहर तेरा घर भी मुझे याद नहीं और तेरे फोन का नंबर भी मुझे याद नहीं। अरमान सैफ, राजीव गोस्वामी, एसके कपूर, डॉ. आरसी पाण्डेय, डॉ. निरुपमा अग्रवाल, डॉ.मोनिका अग्रवाल आदि ने भी अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पवन अरोड़ा रहे। इस मौके पर संस्था के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जीवात्मा और परमात्मा का एक रूप महारास है



**बरेली,अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के आखिरी दिन मंगलवार को वृन्दावन रमणरेती धाम से आए कथा व्यास मधुर कृष्ण महाराज ने बताया कि जीवात्मा और परमात्मा का एक रूप होने का नाम ही महारास है। भगवान ने गोपियों के संग रास किया है, यह गोपियां कोई साधारण नहीं थी। सभी गोपियां पूर्व जन्म के ऋषि मुनि थे, जो गोपियों का रूप धारण करके आए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र के बारे में भी बताया। कहा कि कृष्ण ने मित्र सुदामा के चरण अपने आंसू से धोए और सिंहासन पर बैठया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, कीर्ति कपूर, अनुभव कपूर, रघुनाथ कपूर, सीता कपूर, कोमल कपूर आदि मौजूद रहे।

## शरदीय नवरात्र पर होगा भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में बंगाली समुदाय की ओर से 9 से 13 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। बंगाली कलचरल एवं वेलफेयर सोसायटी के अनुसार बरेली जंक्शन के समीप मनोरंजन सदन में विशाल पंडाल सजाया जा रहा है। कोलकाता के कारीगर पंडाल को भव्य रूप दे रहे हैं। चंचल डे, विकास राय चौधरी, मानस गोराई, सनत तरफदार मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
हमारे यहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर, फीमेल रिसेप्शनिस्ट, लैब सैंपल कलेक्शन टीम की जगह खाली है।
सैलरी 5000 से 15000
योग्यता अनुसार।
आज ही सम्पर्क करें
बिस्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
लालफाटक रोड, बुखारा मोड़ (बरेली)
मो. 8445411190, 9695554511

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम भूलवश पाल सिंह दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड पर सर्वजीत सिंह पुत्र बखतवार अंकित है जो कि सही है। मेरे पिता का सही नाम बखतवार है। सर्वजीत सिंह पुत्र बखतवार निवासी ग्राम भसोरी महंगापुर तहसील पलिया जिला लखीपुर खीरी।

सूचना
मैं अपने पुत्र मो0 तस्कीम के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मिन0- रोजअली पुत्र लतीफ नि0मो0 बरबण्डा, कस्बा पलिया, थाना पलिया, जिला खीरी।

सूचना
सर्वविदित हो मेरे पांच पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, अरविन्द गुप्ता, गौरव गुप्ता, आकाश गुप्ता, शिवा गुप्ता हैं। जिसमें से मेरा एक पुत्र गौरव गुप्ता को मैं उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। रामबहादुर पुत्र सुन्दर लाल गुप्ता नि. ग्राम भावलखेड़ा थाना रौजा, जिला शाहजहांपुर

सूचना
मैंने अपने पुत्र सचिन को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। सोमपाल पुत्र पूरन लाल निवासी : शांति विहार, थाना- मढीनाथ, जिला बरेली।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुई फेयरवेल पार्टी



**बरेली,अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रजनीश पठानिया चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे।

एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई दी गई। जिनका स्वागत द्वितीय वर्ष के छात्रों ने किया। एएनएम अंतिम वर्ष में खुशी भारद्वाज मिस, जीएनएम अंतिम वर्ष में अंकुश मिस्टर, दिव्यांशी यादव मिस, बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष में हिमांशु मिस्टर, पारूल गंगवार मिस, एमएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष में ख्याती शर्मा मिस फेयरवेल चुनी गईं। निर्णायक में रेनुका दास, तरून ध्यानी, मुकेश सिंह, डॉ. एस. बिरजेनी देवी, दीपक सैम्पसन शामिल रहे। कपिल पटेल, प्रतिभा चरन, वत्सला गौतम, रश्मि मौजूद रहीं।

# रायल्टी कहीं की मिट्टी की खोदाई कहीं और

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीएम सदर ने रामगंगा किनारे मारे छापे
- एक ट्रैक्टर-ट्राली सीज, अवैध तरीके से खोदी थी जमीन

**अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद भी खनन का काम रुक नहीं रहा है। मंगलवार को सूचना पर एसडीएम सदर ने खनन अधिकारी के साथ छापेमारी की। टीम को देखकर खनन कर रहे लोग भाग निकले, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर मिली है। प्रशासन ने उसे सीज करा दिया है। मामले में लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है।

एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने बताया कि कई दिनों से रामगंगा किनारे अवैध खनन की सूचनाएं आ रही थीं, लेकिन टीम को मौके पर भेजने पर लोग पहले ही भाग जाते थे। मंगलवार को खनन अधिकारी मनीष के साथ मौके पर छापेमारी की। बताया कि टीम के पहुंचने से पहले ही कई लोग वाहनों को लेकर भाग गए। हालांकि, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर मिली। बताया कि जांच में सामने आया कि मिट्टी की खोदाई के लिए रायल्टी दूसरे जगह की थी, जबकि गाटे कहीं और के खोदे गए। दस्तावेज पर ट्रैक्टर का नंबर था, लेकिन मौके पर मिला ट्रैक्टर बिना नंबर का ही था। जिस चालक का नाम दिया गया था, मौके पर वो भी नहीं था। एसडीएम के मुताबिक कोहनी प्रतापुर और चौबारी की सीमा पर खनन हो रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज करा दिया गया है। लेखपाल से मामले में रिपोर्ट मांगी गई है।

## पंक्चर जोड़ने से मना करने पर युवक को पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बाइक सवार ने सोमवार देर शाम पंक्चर जोड़ने से मना करने पर दुकानदार को पीट दिया ।पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला अंसारी निवासी सुमित पाल की भिटौरा पुलिया के पास शाही रोड पर पंक्चर की दुकान है। कस्बा का ही बाइक सवार युवक सोमवार देर शाम पंक्चर जुड़वाने आया था। उसने टैंक में हवा नहीं होने का हवाला देकर पंक्चर जोड़ने से मना कर दिया ।इससे नाराज होकर युवक ने उसे पीटकर घायल कर दिया।



दसवां संस्कार/पुष्पांजलि
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय पुत्र नवल कुमार मौर्य जी का स्वर्गवास 29/09/2024 को हो गया है जिनका दसवां संस्कार 02/10/2024 को प्रातः 8 बजे निकट ईदगाह फाटक पी.डब्ल्यू.डी.गेस्ट हाउस के पास नौगवां चौराहा पीलीभीत में एवं पुष्पांजलि 02/10/2024 को दोपहर 12 बजे निज निवास वसुन्धरा कालोनी, शिव मंदिर के सामने पीलीभीत में होगा।
शोकाकुल परिवार
रूपचन्द्र मौर्य (दादा), जगदीश चन्द्र मौर्य (पिता)
दुर्विजय सिंह शाक्य
(क्षेत्रिय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र उ.प्र.)(मामा),
ललित कुमार मौर्य (भाई), लड्डू (पुत्र)।
मो. 8869045399
नवल कुमार मौर्य
जन्मतिथि 13/06/1995
निधन 29/09/2024

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# औद्योगिक टाउनशिप के लिए उद्यमियों ने शुरू किए आवेदन

## बीडीए डिमांड सर्वे में ले रहे हैं हिस्सा, अरिनम कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इन्फ्रास्ट्रक्चर का किया प्रजेंटेशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यालय में प्रेसवार्ता में जानकारी देते बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए।

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण ने झुमका चौराहे से कुछ दूरी पर नए बाईपास पर रहपुरा जागीर गांव की भूमि पर बरेली औद्योगिक टाउनशिप बसाने के लिए जमीन की खरीदारी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। यह ऐसी पहली औद्योगिक टाउनशिप होगी, जिसे प्राधिकरण बसाने जा रहा है। मंगलवार शाम बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए की मौजूदगी में वर्चुअल अरिनम कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रजेंटेशन कर डिजाइन व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसको लेकर हो रहे डिमांड सर्वे में उद्यमियों के आवेदन आने शुरू हो गए हैं।

मंगलवार शाम को कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि टाउनशिप करीब 250 एकड़ में तैयार करने की योजना है। यहां पर उद्यमियों के लिए सभी सुविधाएं होंगी। प्राधिकरण इसको लेकर भूखंडों का डिमांड सर्वे शुरू कर दिया है। अभी तक करीब 150 आवेदन आ चुके है। 500 के करीब भूखंड की योजना है। उन्होंने बताया कि नई औद्योगिक टाउनशिप में चार जोन होंगे। टाउनशिप में ट्रांसपोर्ट नगर, इंडस्ट्रियल पार्क, लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयरहाउस, परिवहन सेवाओं की बेहतर सुविधा होगी। टाउनशिप के साथ ट्रांसपोर्ट नगर एवं लाजिस्टिक हब बनेगा। लकड़ी के उत्पाद और जरी का काम करने वाले कामगारों के लिए सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस दौरान सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि बरेली सहित अन्य जगहों के लिए यह औद्योगिक टाउनशिप उद्यमियों के लिए काफी बेहतर है। बीडीए के सचिव योगेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह, सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सोसाइटी के उपाध्यक्ष विनय खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**यह होगी सुविधा :** बैंक, पार्किंग स्थल, ग्रीन बेल्ट, सोलर एनर्जी से पथ प्रकाश, सेंट्रल फायर सर्विस की व्यवस्था, गैस फायर शमन, बिजली, लेबर हास्टल, अस्पताल, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, ड्रेन, एसटीपी प्लांट, ग्रीन बेल्ट, बस स्टेशन, आडिटोरियम हाल, भूमिगत बिजली व्यवस्था, प्लाट का न्यूनतम मूल्य बैंक, इंडस्ट्रियल पार्क, सीएनजी पंप, गैस पाइप लाइन आदि सुविधाएं होंगी।

**प्रमुख आकर्षण :** झुमका चौराहे से 10 मिनट की दूरी, प्रस्तावित बाइपास होते हुए गंगा एक्सप्रेसवे की दूरी 30 मिनट, कामन फैसिलिटेशन सेंटर का विकास।

